**Regarding need to make `Bada Talab` of Bhopal free from encroachment and pollution and take measures to conserve the same-Laid**

श्री आलोक शर्मा **(भोपाल) :** भोपाल का बड़ा तालाब लगभग एक हजार वर्ष पूर्व, राजाभोज ने बनवाया था । ऐसा बताया गया है 39 वर्ग किलोमीटर से भी ज्यादा क्षेत्र में फैले इस तालाब को राजाभोज ने 365 जल स्रोतों को मिलाकर इसे बनवाया था और इसके आसपास औषधीय पौधे लगवाये थे । बड़ा तालाब भोपाल शहर की लाइफलाइन है । इसका वेटलैंड एरिया सैकड़ों वर्ग किलोमीटर से अधिक है । सैकड़ों वर्ग किलोमीटर में फैले इसके कैचमेंट एरिया में हरियाली से आच्छादित वन, सैकड़ों प्रकार के जलीय जीव और अनेकों प्रजातियों के पक्षियों का घर है । इस कारण इसे रामसर साइट का दर्जा भी मिला है । लेकिन वर्तमान स्थिति में बड़ा तालाब चारों तरफ से अतिक्रमण और प्रदूषण की चपेट में है । भोपाल के बड़ा तालाब को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त करके इसे संरक्षित और सुरक्षित बचाने की भारत सरकार की क्या योजना है ।